Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 06-11-2022 | अंक 392

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## आस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही तीन दिवसीय लोक आस्था का महापर्व इतवारी छठ का हुआ समापन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


आस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देते श्रद्धालु

लोक आस्था एवम सूर्य उपासना का महापर्व इतवारी छठ रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही शांति एवं सौहार्द वातावरण में संपन्न हो गया। शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हुआ यह पर्व शनिवार को खरना एवं रविवार को रविवार को अर्घ्य दिया गया। बरहिद्दीह छठ घाट पर छठ व्रतियों में पूजा अर्चना कर अपने सुख समृद्धि की कामना की । बरही डीह छठ घाट पर पंडित सतीश शर्मा एवम पंडित रामलखन शर्मा ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराई। मौके पर सद्भावना विकास मंच सह सूर्य मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, यूको बैंक के शाखा प्रबंधक धर्मवीर प्रजापति, ग्रामीण बैंक के शिव शंकर लाल, दयानंद चौरसिया, उमाकांत पंडित, पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य, सुधीर कुमार उर्फ बबलू, रामदेव साव, सोनू, रणवीर सिंह, पलक , दिव्या, अर्पित, टोनू, मोनू, उषा रानी, सुषमा देवी, कृति चौरसिया, बलराम केशरी सहित सैकड़ों लोगों ने पूजा अर्चना में शामिल हुए। इधर विजैया, रसोईया धमना, धनवार, सूर्यमंदीर नदी घाट सहित लगभग सभी तलब जलास्यों में इतवारी छठ मनाई गई। विजैया में पूर्व जिप प्रतिनिधि मो कयूम, पूर्व मुखिया दशरथ यादव सहित कई लोगों ने सूर्य को अर्घ्य देकर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की।

## कांग्रेस पार्टी की कोनरा पंचायत में बैठक सम्पन्न, मो बख्तियार बनें अध्यक्ष व अल्ताफ कुरैसी सचिव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


बैठक में शामिल कांग्रेसी

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत रविवार को बरही प्रखण्ड के रानीचुंवा पंचायत में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से मो बख्तियार को कोनरा पंचायत का अध्यक्ष व अल्ताफ कुरैसी को सचिव बनाया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों के साथ खड़ी रही है। कांग्रेस ने समाज के हर वर्ग का विकास किया है। इसकी नीतियां समाज के सभी लोगों को साथ लेकर चलने वाली है। हमारा भी यही लक्ष्य होना चाहिए हम सभी गरीब-गुरबों के साथ खड़े रहें। कांग्रेस पार्टी समाज के अंतिम छोर तक विकास की लौ पहुंचाने के प्रति संकल्पित है। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, मो वारिस अंसारी, मो तौकीर रजा, मो ताजुद्दीन, मुखिया यास्मीन तब्बसुम, मो रुस्तम अली, मो कलीम, मो इबरार, मो यूनुस खान, मो आफताब कुरैशी, गुलाम मुस्तफा खान, मो कमाल, मो शारुख, मो फारुख, मो अतिकुल सिद्दकी, मो निहाल, मो मिस्टर, मो मजीद, मो सद्दाम, मो कलिम, मो नौसाद, मो सब्बार, मो शहजाद, मो जबिल, गनी खान, रवि कुमार, मो गुलजार अंसारी, मो इम्तियाज, मो मुमताज, मो डब्लू, मो शाबिर अली, सुनील साहू, मो रिजवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## दिवंगत हीरालाल के निधन पर शोक सभा का आयोजन, सामाजिक संगठनों ने किया आर्थिक सहयोग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


शोक सभा में शामिल लोग

पड़रिया निवासी दिवंगत हीरालाल प्रसाद की पुण्य आत्मा की शांति के लिए उनके आवास पर पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर चत शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। उसके उपरांत श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में पुण्यात्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ विभिन्न शुभचिंतकों एवं समाजिक मंच के द्वारा सहयोग भी दी गई। इनमे आदर्श समाज निर्माण मंच 5000, संजीवनी युग निर्माण सोसाइटी गुजरा 5000,एवम पड़रिया सौंडिक समाज के सदस्यों के द्वारा कुल एक लाख रुपए उनके बच्चों के भविष्य के लिए परिवार को सौंपा गया। दिवंगत हीरालाल अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों को छोड़ गए हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्या श्रीमती कुमकुम देवी, समाजसेवी राजकुमार यादव, शिक्षक मथुरा प्रसाद, नारायण प्रसाद मेहता, चंद्रशेखर आज़ाद, यमुना प्रसाद,पीताम्बर प्रसाद, सुनील कुमार,एस. लाल, त्रिलोकी प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद,लाली प्रसाद, योगेशवर प्रसाद, बाबूचन्द प्रसाद, मुकेश कुमार, अरबिंद कुमार, छोटेलाल प्रसाद, अरुण कुमार भारती,प्रयाग प्रसाद संतोष राणा,राजकुमार प्रसाद ,बिनोद प्रसाद,चंदन कुमार भारती, रामकिशुन प्रसाद, कौशल किशोर, सरयू प्रसाद, मदन प्रसाद,विजय प्रसाद, बीरेंद्र कुमार, दीनानाथ, प्रसाद टेकलाल प्रसाद मेहता एवं ग्राम के अन्य गण्यमान्यलोग उस्थित रहे।

## बिजैया मोदीटोला के छठ घाट पर दी गई अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**


बिजैया मोदीटोला के छठ घाट पर मौजूद श्रद्धालु

लोक आस्था का त्योहार इतवारी छठ अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ रविवार को संपन्न हो गया। बरही प्रखंड के बिजैया मोदीटोला के छठ घाट में सैकड़ों छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। पर्व को लेकर घाटों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। वहीं दिन में बाजार भी पूजन सामग्रियों से पटा रहा। लोग अपनी जरूरत के अनुसार सामानों की खरीदारी की। बिजैया मोदीटोला के छठ घाट मे लोगों ने अर्घ्य दिया। घंटों आराधना में छठ व्रती डूबी रहीं। इस अवसर पर छठ मइया के गीतों से ग्राम एवम शहर गूंजायमान होता रहा। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद कयूम समारोह में शामिल हुए और कहा कि छठ एवं इतवारी छठ पर्व शांतिपूर्ण संपन्न होने पर लोग बधाई के पात्र हैं। भगवान सूर्य और छठ मइया की जिस तरह पूजा अर्चना करते हैं उसी प्रकार सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ खड़े रहें और विकास में भागीदारी बनें। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य प्रतिनिधि रवि कुमार मोदी , समाजसेवी अर्जुन मोदी , राजू मोदी , महेंद्र मोदी, सोनू मोदी, गोपी मोदी, अभिषेक मोदी, अजीत मोदी , रिंकू मोदी सहित गांव के छठ वर्तियां आदि उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय बड़का पर्व सम्पन्न

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा लोकआस्था का महापर्व इतवारी छठ बड़का पर्व अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न हो गया ।शुक्रवार को नहाय खाय कद्दू भात के साथ प्रारंभ हुआ यह त्यौहार शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया बरकट्ठा के बेलवा नदी छठ घाट, डाकडीह बर्दबोहि नदी छठ घाट बरवां नदी छठ घाट कोषों नदी छठ घाट में भारी संख्या में व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर क्षेत्र में शांति सम्पन्नता की मांग छठ माई से की वही छठ के पारंपरिक गीतों से वातावरण भक्तिमय बन पड़ा था मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बसन्त साव, बिजय यादव, विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष संजय यादव, सुरेश राम गुलाबी राम समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही

## एम जी एम मेडिकल कॉलेज में हुआ आयुष राज का नामांकन, परिवार में हर्ष का माहौल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


आयुष राज

नीट क्वालीफाई अफीम कोठी बरही निवासी आयुष राज का अंतिम रूप से एम जी एम मेडिकल क०लेज में एम बी बी एस के लिए नामांकन हुआ। ज्ञात हो की आयुष राज, मध्य विद्यालय बरसोत के सहायक शिक्षक चंद्रशेखर भगत एवम रेणु भगत के पुत्र हैं। सेवानिवृत शिक्षक राधानाथ भगत के पौत्र हैं। इन्होंने नीट में ऑल इंडिया में 15025 एवम स्टेट स्तर पर 170 वां रैंक प्राप्त किया हैं। जिसके आधार पर झारखंड संयुक्त प्रवेश परीक्षा पर्षद के के द्वारा इनका चयन एम जी एम मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर में हुआ। काउंसलिंग के बाद अंतिम रूप से नामांकन हो गया। आयुष राज ने 10 की बोर्ड डीएवी स्कूल बरही से एवम 12वी बोर्ड मुनम पब्लिक स्कूल से हुई। आयुष के इस उपलब्धि से पूरा परिवार गौरवान्वित एवम हर्षित हैं। आयुष की इस सफलता पर डीएवी स्कूल के प्राचार्य अशोक सिंह, मुकेश कुमार, नरसिंह कुमार शर्मा, फूलमती देवी, अरुण कुमार, अयोध्या कुमार, राजेंद्र आर्य, राजेंद्र आर्य राधानाथ भगत, चंद्रशेखर भगत, तुलसी दास, मथुरा प्रसाद, सुरेश रजक, उषा रानी आदि ने बधाई दी हैं।

दिनांक: 06-11-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## यूजीसी नेट परीक्षा में पिंकी कुमारी पाई सफलता, रोशन की बरही का नाम

### पहले भी रह चुकी यूनिवर्सिटी टॉपर, अब नेट की परीक्षा में लहराया परचम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


पिंकी कुमारी

बरही करियातपुर पंचायत निवासी पिंकी कुमारी पति राहुल अंबेडकर यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता हासिल की है। उन्होंने नेट परीक्षा में 194 अंक प्राप्त कर अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है, पिंकी कुमारी सफलता का श्रेय गुरु, माता-पिता, सासू मां, एवं पति, को दी, उन्होंने ने महिला कॉलेज हजारीबाग से स्नातक पास की, स्नातकोत्तर सत्र 2016-2018 अर्थशास्त्र विषय से उत्तीर्ण करते हुए विनोबा भावे यूनिवर्सिटी की टॉपर बनी। यूनिवर्सिटी में एक वर्ष तक बढ़ाने का प्रस्ताव को पढ़ा कर पूरा किया। पिंकी कुमारी ने बताया कि पीएचडी कर एक अच्छे प्रोफेसर बनना चाहती हूं। शिक्षा के क्षेत्र में लोगों को जागृत कर उन्हें सहयोग करना चाहती हूं कि हम किसी को रुपया, पैसे, भोजन, एक बार देखकर उसका जरूरत तो पूरा कर सकते हैं, लेकिन किसी के टुकड़ों पर मोहताज ना रहे इसके लिए उन्हें शिक्षित होना आवश्यक है। मैं लोगों के बीच शिक्षा दान करना चाहती उन्होंने क्षेत्र के विद्यार्थियों से संदेश देते हुए बताया कि सफलता संघर्ष की होती है इसलिए अपने कर्तव्य पथ पर नि.रंतर चलते हुए मेहनत करते रहो एक दिन सफलता अवश्य प्राप्त होगी।

## बरकट्ठा विधायक से ट्रक- मोटर मालिक मिलकर ज्ञापन सौपा

### व्हीकल अधिनियम में संशोधन का प्रश्न विधानसभा में रखेंगे : विधायक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा ट्रक व ट्रेलर ओनर्स एसोसिएशन संघ के बरही, चौपारण, बरकट्ठा, कोडरमा इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार सिंह की अध्यक्षता में मोटर वाहन मालिकों ने बरकट्ठा दिव्य कल्याण आश्रम में विधायक अमित कुमार यादव को ज्ञापन सौपा। ट्रक व ट्रेलर ओनर्स के सदस्यों ने ज्ञापन के माध्यम से बरकट्ठा विधायक से मांग की है कि हेमंत सरकार मोटर अधिनियम का संशोधन कर मोटर मालिको का जीविकोपार्जन को बरक.रार रखने में मदद करें। साथ ही कहा कि सरकार का जो मोटर अधिनियम है वह हम सबका रोजगार की हत्या करने के बराबर है। मांग नही माना गया तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। उक्त जानक.ारी एसोसिएशन बरही अध्यक्ष शिवकुमार सिंह, बरही अध्यक्ष फहीम खान ने देते हुए कहा कि इसके पूर्व भी झारखंड सरकार से वाहन अधिनियम संशोधन को लेकर झारखंड के हर प्रखंड में बैठक कर रणनीति बनाई जा रही है। ट्रक व टेलर ऑनर्स की बैठक में मोटर अधिनियम संशोधन को लेकर सरकर का विरोध तेज करते हुए हर क्षेत्र में बैठक किया जा रहा है। बैठक में ट्रक ऑनर्स ने कहा कि वाहन मालिकों के प्रति राज्य सरकार की नीति और नियत सही नहीं है। कहा कि सरकार वाहन मा.लिकों को परेशान करने के लिए अधिक टैक्स का मोटर अधिनियम बना रही है। इसका ट्रक ऑनर्स विरोध करते हैं। सभी एक स्वर में अधिनियम में संशोधन की मांग किया है। ज्ञापन लेते हुए बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने कहा कि मोटर मालिको का रोजगार नही खत्म हो इसके लिए विधान सभा मे बात को रखते हुए संशोधन करने की मांग रखेंगे। बरकट्ठा विधायक अमित यादव से मौके पर अध्यक्ष शिवकुमार सिंह, मनोज सिंह, फहीम खान, मो अल्लाद्दीन, संरक्षक इरफान खान, कोषाध्यक्ष नईम खान, संजय सिंह, मुन्ना सिंह, जितेंद्र यादव, बलवंत सिंह, उपेंद्र प्रताप सिंह, धनेश्वर यादव, सुरेश यादव, सुल्तान खान, मतीन खान, अलाउद्दीन अंसारी, फारूक रजा, प्रदीप यादव, लक्ष्मन यादव समेत ट्रक ऑनर्स के साथी मिले ।

## पति के शव की आस में 21 दिनों से बेहाल है पत्नी

### बंदखारो के प्रवासी मजदूर दुलारचंद महतो की मलेशिया में हुई थी मौत

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


मजदूर दुलारचंद के शव की आस में बेहाल परिजन

पति के शव की आस में विधवा पत्नी 21 दिनों से रो-रोकर बेहाल है। अपने पापा की याद में रोते-रोते अब बच्चे भी खामोश हो चुके हैं। घर का चूल्हा-चौका भी ठंडा पड़ गया है। घर में दिन-रात परिजनों की सिसकियां सुनी जा सकती है। यह दर्द प्रखंड के बंदखारो निवासी यशोदा देवी का है। इनके पति दुलारचंद महतो (40) की मौत बीते 15 अक्टूबर को मलेशिया में काम के दौरान हो गई है। वे वहां एलएंडटी कंपनी में काम करते थे। बताया जाता है कि उन्हें ब्रेन हेम्ब्रेज हो गया था। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। तब से उनका शव मलेशिया में हीं पड़ा हुआ है। नियोक्ता कंपनी प्रबंधन की भी संवेदना मर चुकी है। शव भेजने को लेकर पहल नहीं करने से परिजन उनकी आस में बेसुध हैं। घरवाले जनप्रतिनिधि, प्रशासन समेत सरकार से गुहार लगाते-लगाते थक चुके हैं। कई बार ट्वीट भी किया गया। उन्हें हर जगह से सिर्फ आश्वासन मिलता है। मृतक के परि.जनों का कहना है कि कंपनी पहले शव भेजने के साथ मुआवजा भी देने की बात कह रही थी। पर अब टालमटोल कर शव का मलेशिया में ही अंतिम संस्कार कर सिर्फ मुआवजा देने की बात कह रही है। फिलहाल परिजन इससे इंकार कर शव तथा मुआवजा दोनों की मांग कर रहे हैं। इधर पत्नी, बच्चे तथा बूढ़े माता-पिता शव का अंतिम दर्शन तथा सनातन संस्कृति से अंतिम संस्कार करना चाहते हैं। मृतक का एक पुत्र सुन्दर कुमार तथा दो बेटियां सीता कुमारी तथा कंचन कुमारी हैं।









सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने सड़क निर्माण का शिलान्यास किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड अंतर्गत महुगाई पंचायत के अंबाजीत कोनी मोड़ से आजाद नगर वाया हाहे तक ग्रामीण विकास विभाग डीएमएफटी मद से होने वाले सड़क निर्माण का बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने शिलान्यास किया। डेढ़ किलोमीटर सड़क का निर्माण 98 लाख की लागत राशि से किया जाएगा। सड़क का निर्माण पीसीसी और कालीकरण से किया जाएगा। सड़क का निर्माण जपेश्वरी कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा किया जाएगा। विधायक ने संवेदक को निर्देश दिया के सड़क निर्माण में गुणवत्ता का पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाए। मौके पर अंबा प्रसाद ने कहा के अनेकों सड़क का निर्माण क्षेत्र में करवाया जा रहा है। हमारी सरकार के द्वारा अनेक विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल कर उठाना है। युवाओं, वृद्धों और बच्चियों के लिए भी योजना चलाई जा रही है। राज्य सरकार र०यल्टी के पैसे से राज्य के विकास के काम को आगे बढ़ा रही है। आने वाले सत्र में 1932 खतियान और ओबीसी आरक्षण का कानून पास किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मुखिया बेबी कुमारी, संवेदक रंजीत उपाध्याय, जमाल सगीर, अशोक सिंह, गोपी सिंह, अहमदुल्लाह, नसीम अंसारी, भोला सिंह, बंटी सिंह, बिगल चौधरी, शाह आलम, त्रिलोकी साव, श्याम कुमार भार्गव, वीरू सिंह, संदीप सहित सैंकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित थे।

## मुखिया ने गांव -गांव जाकर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


कंबल वितरण करते मुखिया पारसनाथ प्रसाद

बड़कागांव : प्रखंड के कांडतरी पंचायत अंतर्गत मुखिया पारसनाथ प्रसाद ने विभिन्न गांव में जाकर जरूरतमंद गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने महुदी केसतबहिया ,महुदी, कनोदा, सोनपुरा, मिर्जापुर, कांडतरी एवं खेरातरी सहित पंचायत के कई गांव में जा जाकर असहाय लोगों के बीच कुल 217 कंबल का वितरण किया। वही चलने फिरने में असहाय लोगों को घर-घर जाकर कंबल दिया गया। मुखिया पारसनाथ प्रसाद ने लोगों से ठंड से बचने के लिए सभी जरूरी एहतियात बरतने की सलाह दी साथ ही कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर लोग तत्काल अस्पताल जाएं और झाड़-फूंक के भरोसे नहीं रहने की अपील की । साथ ही उन्होंने लोगों को अपनी ओर से हरसंभव सहयोग का भी भरोसा दिलाया है।इस मौके पर मुख्य रूप से उपप्रमुख वचन देव कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, उप मुखिया राजदेव महतो,पूर्व पंसस प्रतिनिधि खेमलाल राम, योगेंद्र महतो, सुरेश महतो, मोहम्मद आवेश,वार्ड सदस्य प्रतिनिधि इमरान अंसारी, अहमद रजा, मोहित कुमार,रविकांत महतो, राजकुमार राणा, हैदर अली सहित पंचायत के तमाम वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## उप प्रमुख सुमन सिंह ने जरूरतमंद को रक्तदान देकर बचाए जान

### उपप्रमुख के इस कृत्य से प्रखण्ड वासियों में खुशी की लहर

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : चिरिदीरी पंचायत अंतर्गत कान्हा कला के निवासी अरविंद सिंह के पत्नी का इलाज हजारीबाग सदर हॉस्पिटल में चल रहा है अरविंद सिंह अपनी पत्नी हेतू रक्त के लिए काफी परेशान थे और चिंतित थे। जैसे ही कान्हाचट्टी प्रखंड के युवा उपप्रमुख सुमन सिंह को पता चला वैसे ही तुरंत वह हजारीबाग सदर हॉस्पिटल पहुंचकर जरूरतमंद को रख दिए वहीं सुमन सिंह ने कहा कि रक्त जिंदगी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बिना रक्त के व्यक्ति जीवित नहीं रह सकता। रक्त न बनाया जा सकता है और न खरीदा जा सकता है। इसे देकर अथवा दान करके ही किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है। इसी लिए रक्तदान को महादान कहा गया है। कहा कि अपनी इच्छा (स्वैच्छिक) से किया गया रक्तदान ही महादान कहलाता है। 'रेड क्रॉस तथा जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा लगाए जाने वाला शि. विर न केवल लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करेगा, बल्कि अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरणा भी देगा। उन सभी लोगों का हमें आभार प्रकट करना चाहिए, जो बिना किसी ईनाम और लालच के अपने रक्त का दान करते हैं और कई जिंदगियों को बचाते हैं। वहीं अरविंद सिंह ने उपप्रमुख सुमन सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार